तापमान
अधिकतम 30 .6 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

12 अंबाला शहर में 3.75 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ



12 छठ महापर्व पर उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब



कुवि में रत्नावली महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# रत्नावली महोत्सव हरियाणा की लोक-संस्कृति, कला व परंपरा को सहेजने का प्रेरक मंच : नायब सिंह सैनी

*हरियाणा को केवल कृषि और औद्योगिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के केन्द्र के रूप में भी स्थापित करने का प्रयास कर रही प्रदेश सरकार*



■ युवा पीढ़ी के लिए अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने का अवसर है रत्नावली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

प्रदेश सरकार हरियाणा को केवल कृषि और औद्योगिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के केन्द्र के रूप में भी स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इस कार्य में रत्नावली महोत्सव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

यह महोत्सव हरियाणा की गौरवशाली विरासत, माटी की महक व हमारे जीवंत लोकजीवन की विराट व अद्भुत झांकी है। रत्नावली महोत्सव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने व युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने का अवसर प्रदान करता है। यह विचार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम हॉल में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, सहित अन्य अधिकारियों ने उनका ढोल नगाड़ो व हरियाणवी लोकधुनों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद सभी अतिथियों व अधिकारियों ने रत्नावली क्राफ्ट मेले का अवलोकन किया तथा आडिटोरियम हाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल, आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से रत्नावली महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह महोत्सव एक ऐसा मंच है, जो युवा पीढ़ी को हमारी जड़ों से जोड़ता है। आज जब पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में हमारी युवा पीढ़ी भटक रही है, तो रत्नावली महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, संरक्षित करने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास है। हमारी इस विरासत में भगवान श्रीकृष्ण जी द्वारा दिया गया गीता का कर्मयोग का अमर संदेश है। हमारी संस्कृति में सादगी है, स्वाभिमान है, दूध-दही का खाणा व देश के लिए मर मिटने का जज्बा है। रत्नावली इन्हीं सब मूल्यों को उजागर करने वाला उत्सव है। इस मंच से निकलने वाले हमारे कलाकार न केवल प्रदेश का नाम, बल्कि देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते हैं।




**कुरुक्षेत्र।** रत्नावली समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।




**कुरुक्षेत्र।** रत्नावली समारोह में रसिया नृत्य प्रस्तुत देते विद्यार्थी।

### 38 वर्षों से किया जा रहा आयोजन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 38 वर्षों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रत्नावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव को हरियाणवी संस्कृति का महाकुंभ कहा जाता है। इसमें अहीर, बांगर, खादर, कोरवी मेवाती जैसी विभिन्न बोलियों की 34 विधाओं में लगभग 3 हजार 500 युवा कलाकार भाग लेते हैं। सरकार का भी प्रयास है कि हम शिक्षा और संस्कृति के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण करें। संस्कृति और पर्यटन एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हैं और उसे बढ़ावा देते हैं, तो हम दुनिया भर से पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने लोक कलाकारों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और मेलों का आयोजन करती है। इनमें गीता महोत्सव और सूरजकुंड क्राफ्ट मेले तो विश्व प्रसिद्ध हैं। ऐसे आयोजनों से लोक कलाकारों को कला को निखारने और दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का मौका मिलता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि सब मिलकर अपनी संस्कृति को जीवित रखें। अपनी कलाओं पर गर्व करें, उन्हें सीखें और दूसरों को भी सिखाएं। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा लूर और रसिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि अनूप लाठर व पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. संतराम देसवाल को विश्वविद्यालय की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विशेष रूप से सम्मानित किया। मंच का संचालन युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने किया।

### हमें संस्कार और पहचान देती है संस्कृति

*शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल देती है, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा हमारे प्रदेश का भविष्य हैं और संस्कृति का संवाहक भी युवा ही हैं। हमारी युवा पीढ़ी अपनी विरासत को लेकर कितनी सजग और उत्साहित है। शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल देती है, लेकिन संस्कृति हमें संस्कार और पहचान देती है। वेशभूषा, आपका नृत्य, आपके लोकगीत, हरियाणवी सांग और रागनी, यहां बनाई गई झोपड़ियां- ये सब केवल प्रदर्शन मात्र नहीं हैं, ये हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं। विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपनी इस विरासत से भी जुड़े रहें। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। यह प्रदेश 1966 में बना लेकिन इस विश्वविद्यालय की नींव 1956 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने रखी थी। हरियाणा प्रदेश के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में इस विश्वविद्यालय का अमूल्य योगदान है। हरियाणा प्रदेश ने शिक्षा, खेल, संस्कृति, शोध, औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति कर अग्रणी राज्य के रूप में भारत में अलग पहचान बनाई है। इस पहचान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यह विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। देश में ऐसे कम ही विश्वविद्यालय हैं, जो शिक्षा के साथ-साथ अपने क्षेत्र की संस्कृति को सहेजने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रत्नावली का मंच हार-जीत का नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव प्राप्त करने का मंच है। यहाँ हर कलाकार विजेता है, क्योंकि उसने अपनी संस्कृति के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम व्यक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह महोत्सव आने वाले वर्षों में और भी भव्य और प्रभावशाली बनेगा। हम सब मिलकर हरियाणा की इस अनूठी सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करें।*



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को फोटो भेंट करते विद्यार्थी।

### हरियाणवी बोली को विशेष पहचान दिलाएंगे

हरियाणा की सांझी व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रत्नावली समारोह एक उत्सव नहीं है बल्कि यह हरियाणवी संस्कृति को पहचान दिलाने वाला एक मंच है। विश्वविद्यालय ने इस मंच से हरियाणवी संस्कृति को नई पहचान देने का काम किया है। इसी कड़ी में इस बार सांझी को हरियाणा की प्रसिद्ध कला के रूप में स्थापित करने तथा हरियाणवी बोली को भाषा के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया है। जल्द ही इसके सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूरे देशभर के विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दृष्टि से तीसरे स्थान पर व सरकारी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान पर है।

गांव में सन्नाटे का माहौल

## धूलकोट में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण डरे, नहीं मिला सुराग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

■ वन्य प्राणी विभाग की टीमें भी तलाश चुकी हैं जानवर को

गांव धूलकोट गांव में एक तेंदुआ देखे जाने की खबर से लोग बेहद परेशान हैं। एयरफोर्स स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में एक आकृति दिखने के बाद गांव में यह दहशत हुई। हालांकि 4 दिन बीत जाने के बाद भी न तो तेंदुए के पंजों के निशान मिले हैं न ही उसकी कोई मूवमेंट देखी गई है। न ही किसी शिकार का कोई सबूत मिला है। गांव में लोगों ने डर के मारे रात को बाहर जाना बंद कर दिया। कई परिवारों ने रात में बच्चों को घर से बाहर निकलने नहीं दिया। सरकारी स्कूल में भी छुट्टी कर दी गई। लोग कहते हैं पहली बार देखा कि एक वीडियो ने पूरे गांव को घरों में बंद कर दिया। गांव के संदीप कुमार ने बताया कि जब वीडियो देखा तो दिल दहल गया। ऐसा लगा जैसे कोई जंगली जानवर गांव में घुस आया हो। हमने दरवाजों के आगे बांस और लकड़ी के तख्ते रख दिए। रातभर कोई बाहर नहीं निकलता। गांव के प्रवीण ने बताया कि बच्चों को समझाया कि शाम के बाद बाहर मत निकलना। गांव में हर कोई तेंदुए के बारे में ही बात कर रहा था।

वन विभाग के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात से अब तक वन्यजीव प्राणी विभाग की टीमें एयरफोर्स क्षेत्र और आसपास के खेतों की खाक छान चुकी हैं। हर झाड़ी, नाले और मिट्टी के ढेर की तलाशी ली जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

### डर बन गया रहस्य

गांव के गौरव ने बताया कि पहले दिन जो डर था अब वो रहस्य बन गया है। कोई कहता है उसने खेत में कुछ हिलता देखा, कोई कहता है उसने रात को परछाई देखी। सच्चाई कोई नहीं जानता। गांव के माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल सुनील कुमार ने बताया कि उनके स्कूल की दो विंग हैं। जिनमें से एक विंग की ही बाउंड्री पर वो तेंदुआ दिखा था। इस वजह से बच्चों और स्टाफ को स्कूल नहीं बुलाया जा रहा है। स्कूल में कुल 43 बच्चे हैं। साथ ही स्कूल में 10 लोगों का स्टाफ भी है। पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिस स्कूल के पास जानवर दिखाई दिया था वो जब तक वन्य जीव पकड़ा नहीं जाता बंद रहेगा। डर के मारे लोग सूरज ढलते ही दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं।

## शाहबाद नपा कार्यालय को सांकेतिक रूप से किया बंद



**शाहबाद।** नगरपालिका कार्यालय पर सांकेतिक ताला लगाकर प्रदर्शन करते हरीश कवात्रा, विधायक और पार्षद।

**शाहबाद।** पूर्व नगरपालिका प्रधान हरीश कवातरा के बुलावे पर विधायक रामकरण काला सहित बड़ी संख्या में लोगों ने नगरपालिका परिसर में एकत्र होकर प्रधान गुलशन कवातरा और संपूर्ण नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार धरना देकर प्रदर्शन किया। नगर पालिका कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर सांकेतिक रूप से बंद भी किया गया जिसे थोड़ी देर में खोल दिया था। पत्रकारों से बातचीत में विधायक रामकरण काला ने कहा कि नगरपालिका अब विकास का नहीं, भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है। बिना पैसे के कोई फाइल आगे नहीं बढ़ती, और जनता के काम महीनों तक लटके रहते हैं। उन्होंने भाजपा नेता सुभाष कलसाना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उपमंडल के हर विभाग में कमीशनबाजी का जाल फैला है और विकास कार्यों के ठप होने की असली वजह भी यही है। प्रदर्शन के दौरान विधायक रामकरण और नगरपालिका सचिव बम्बूल सिंह मलिक के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। इस मौके पर पार्षद जसवीर सिंह सैनी, डॉ. प्रवीण शर्मा, अजय तुषार, पंकज सिंगला, अमित सिंघल, प्रभजीत सिंह तनेजा सहित अनेक पार्षद व नागरिक मौजूद रहे।

आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो

## कर्ज के लिए सरपंच समेत कई पर परेशान करने का लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

■ पति को विदेश भेजने के लिए लिया था कर्ज

तंग आकर आत्महत्या करने वाली महिला के मामले में अब परिजनों ने कार्रवाई करवाने से मना कर दिया है। मौत के बाद महिला की एक वीडियो सामने आई थी जिसमें उसने गांव के सरपंच और कुछ लोगों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। मौत के 3 दिन बाद ही परिवार ने इस मामले में जिम्मेदार ठहराए जा रहे लोगों से समझौता कर लिया।

पुलिस को भी इसकी कोई शिकायत नहीं दी गई। महिला के बेटे का कहना है कि उसकी मां को सब परेशान करते थे। वह उसी टेंशन में चली गई। वीडियो में महिला ने कहा था- उसने गांव के सरपंच से कुछ पैसे उधार लिए थे। इसके बाद से ही सरपंच और उसके साथी मुझे बार-बार परेशान कर रहे थे। पैसे के लिए वे मुझे बेइज्जत कर रहे थे। अब हिम्मत नहीं बची। पुलिस के अनुसार नग्गल के बकनौर गांव की रहने वाली राजेंदर कौर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला के पति करमजीत कुछ समय पहले विदेश गए थे। राजेंदर कौर ने पति को विदेश भेजने के लिए गांव के कुछ लोगों से उधार लिया था। समय पर पैसा न लौटा पाने पर वह लगातार दबाव और तानों का सामना कर रही थी पुलिस के मुताबिक, महिला की मौत के बाद परिवार ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया लेकिन 27 अक्टूबर को राजेंदर कौर का एक वीडियो सामने आया जिसमें उसने गांव के सरपंच प्यारा सिंह और कुछ अन्य लोगों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। पुलिस ने बताया कि घटना से जुड़ी एक 18 सैकेंड की वीडियो सामने आई। इसमें महिला ने कहा- मैंने उनसे पैसे लिए थे, लेकिन अब वे बार-बार मुझे बेइज्जत कर रहे हैं। अब मेरी हिम्मत नहीं बची। मृतक महिला के ससुर महेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे सामने कोई ऐसी बात नहीं आई। जो आरोप हैं उन पर गांव के लोगों और सरपंच ने फैसला करा दिया है। अब हम कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। महिला के बेटे का कहना है उसकी मां को लोग पैसे को लेकर परेशान करते थे। वह उसी की टेंशन में चली गई।' पति विदेश में रहते हैं इसलिए वह पत्नी के संस्कार में शामिल नहीं हो पाए।

श्रम कल्याण विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण

## कार्यालय में दो कर्मचारी मिले गैरहाजिर

■ मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने हाजिरी रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेज कब्जे में लिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने मंगलवार को श्रम कल्याण विभाग यमुनानगर में औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की हाजिरी समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की। मौके पर टीम ने हाजिरी रजिस्टर की जांच की तो उसमे कुल चार कर्मचारी कार्यालय में मौजूद पाए गए। इस दौरान कुछ कर्मचारी वेरिफिकेशन के लिए फील्ड में गए हुए मिले। जबकि दो कर्मचारी गैर हाजिर मिले।

मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम अचानक श्रम कल्याण विभाग यमुनानगर के कार्यालय में पहुंच गई। इस दौरान टीम ने वहां हाजिरी रजिस्टर की जांच की तो दो कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। सीएम फ्लाइंग टीम के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जांच का विषय यह रहा कि श्रमिकों को 90 दिन वर्क स्लिप योजना के तहत लाभ मिल रहा है या नहीं। इस दौरान जांच की गई कि कितने श्रमिकों को लाभ मिला और इसमें कोई धांधली तो नहीं हुई। उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें लिस्ट नहीं मिली है। लिस्ट मंगवाकर उसकी गहराई से जांच होगी। यदि कोई कमी पाई गई तो उस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। प्लाइंग टीम के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जो दो कर्मचारी बिना कारण ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए हैं। उनके बारे में विभाग को लिख कर उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम समय समय पर इस प्रकार की कार्रवाई करती रहती है। ताकि विभागों में कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी से करते रहें। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर डयूटी आना चाहिए। जो रिकार्ड कब्जे में लिया गया है। उसकी जांच की जा रही है। जांच में कमी पाए जाने पर कारवाई की जाएगी।



**यमुनानगर।** श्रम कार्यालय में जांच के लिए जाते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## अराईपुरा रोड पर रेत से भरे डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**घरौंडा।** अराईपुरा रोड पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जगदंबा राइस मिल के समीप रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर ने एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान गांव पीर बडोली निवासी 22 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है, जो रिफाइनरी में मजदूरी का कार्य करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार रात करीब 9 बजे सुनील अपनी ड्यूटी खत्म कर रिफाइनरी से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव पीर बडोली की ओर लौट रहा था। जैसे ही वह अराईपुरा रोड स्थित जगदंबा राइस मिल के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार रेत से भरे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुनील ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के नागरिक अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजन भी हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए, जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने मौके से डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। डायल 112 की टीम के अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि उन्हें सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि एक युवक की मौत हो चुकी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## दिव्यांग भिखारी का हत्यारोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

शहर की बूड़िया गेट पुलिस चौकी टीम ने सरस्वती कॉलोनी जगाधरी में दिव्यांग भिखारी का गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी नईम को गिरफ्तार कर लिया। नईम उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद की नई बस्ती ठाकुर द्वारा का रहने वाला है। फिलहाल आरोपी सरस्वती कॉलोनी में रहकर मृतक दिव्यांग भिखारी के साथ मिलकर भीख मांगता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

बूड़यिा गेट चौकी प्रभारी गुरदयाल सिंह ने बताया कि जिला अंबाला के कालाआंब डेरा निवासी नाजमा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका एक दिव्यांग बेटा 37 वर्षीय जनाब सलमानी था। वह व्हीलचेयर पर चलता था और भीख मांगने का कार्य करता था। लगभग 15 दिन पहले उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद की नई बस्ती ठाकुर द्वारा निवासी नईम उनके घर पर आया था। आरोपी उसके बेटे जनाब सलमानी को साथ लेकर जगाधरी की सरस्वती कॉलोनी में रहने लगे और यहीं पर आसपास भीख मांगने लगे। वह दोनों नशे के आदी थे। 22 अक्टूबर को बेटे के मकान मालिक ने फोन कर सूचना दी कि जनाब सलमानी मृत अवस्था में पड़ा है। जिस पर वह यहां पहुंची। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेटे की गला दबने से मौत की पुष्टि हुई। घटना के बाद से नईम फरार था। पुलिस ने नाजमा की शिकायत पर नईम के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।



**यमुनानगर।** बूड़िया गेट पुलिस चौकी टीम द्वारा पकड़ा गया हत्या का आरोपी युवक।

## खबर संक्षेप



### डीएवी महिला कालेज में चलाया सफाई अभियान

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय की स्वच्छ हरियाणा मिशन समिति की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान व जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने एनडीआरआई चौक पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा ने कहा कि "स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और छात्राएं समाज में इसका संदेश प्रसारित करें।

### हरियाणवी भजन की गूंजी स्वर लहरियां

कुरुक्षेत्र। जैसे ही इन भावपूर्ण पंक्तियों की रागिनी ने आर.के. सदन की दीवारों को छुआ, पूरा सभागार भक्ति और लोक संगीत के सुरों से सरोबार हो उठा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को आरंभ हुए रत्नावली महोत्सव-2025 के पहले दिन हरियाणवी संस्कृति की सुगंध भजन प्रतियोगिता के रूप में पूरे वातावरण में फैल गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. किरण कपूर (न्यायाधीश), प्रसिद्ध हरियाणवी लोक गायक सतीश हरियाणवी और चर्चित कलाकार अनिल कौशिक की उपस्थिति में हुआ। मंच पर भक्ति और लोकसंगीत का ऐसा संगम बना, जिसने परंपरा और आधुनिकता को एक सूत्र में बांध दिया।

### युवाओं ने जीवंत किए हरियाणवी रीति-रिवाज

**कुरुक्षेत्र।** आम तौर पर यह माना जाता है कि आज के युवा सिर्फ सोशल मीडिया और अंतहीन स्क्रॉलिंग में व्यस्त रहते हैं। लेकिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली महोत्सव ने इस धारणा को तोड़ दिया। यहां युवाओं ने अपने समय और मन से पारंपरिक हरियाणवी रीति-रिवाजों को मंच पर जीवंत कर दिखाया। श्रीमद्भगवद्गीता सदन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, पलवल की टीम ने की। उन्होंने नई बहू के स्वागत का दृश्य बड़े सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

### हरियाणा की लोक विरासत ने खींचा सबका ध्यान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित रत्नावली महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित हरियाणवी फोक हैंडीक्राफ्ट्स प्रतियोगिता में हरियाणा की प्राचीन लोक कला सांझी ने दर्शकों का मन मोह लिया। यह आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ यूथ एंड कल्चरल अफेयर्स की ओर से क्रश हॉल (ओपन मंच के सामने) आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कॉलेज निसिंग (करनाल), ग्यान भारती कॉलेज (इन्द्री) आदि ने भाग लिया।

# महाछठ पर्व पर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब, महिलाओं ने दिया सूर्य को अर्घ्य

- महिलाओं ने पति और संतान की दीर्घायु की कामना
- यमुना नहर पर सुबह से ही चलना शुरू हो पूजा का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पति और संतान की दीर्घायु की कामना करते हुए मंगलवार को महिलाओं ने उदय होते सूर्य को अर्घ्य देकर महाछठ पर्व का समापन किया। पश्चिमी यमुना नहर पर हजारों श्रद्धालु सुबह से ही जुटे रहे और नदी में खड़े होकर सूर्यदेव की आराधना की। महिलाओं ने मौसमी फल, फूल, नारियल, पकवान और दीपदान से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। कई परिवार पूरी रात जागरण और भजन-कीर्तन करते रहे। पूजा उपरांत उपवासिनी महिलाओं ने प्रसाद वितरण कर पारायण पूरा किया। इस अवसर पर छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने बताया कि नहर किनारे प्रशासन व समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम में पार्षद सुधीर यादव, जंग बहादुर यादव, अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, रोहित कुमार, रामदयाल यादव, नागेंद्र महतो, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।



करनाल। यमुना नहर पर पूजा-अर्चना करती महिला श्रद्धालु।

**आस्था**

- छठ पर्व पर पूरे क्षेत्र में मेला जैसा वातावरण देखने को मिला
- सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं में आस्था और भक्ति को लेकर दिखाई दिया उत्साह

### समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी: नायब सैनी

**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की एक-एक समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों की समस्या सुनने के लिए मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं, लेकिन लाडवा विधानसभा के नागरिकों को चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, लाडवा में ही होगा समाधान

## विधायक कबीरपंथी के प्रयास लाएं रंग

# मंडी का आगामी कुछ दिनों में शुरु होगा निर्माण कार्य: कपूर

- *मंडी के स्थानांतरण से रिहायशी इलाकों को मिलेगी राहत*
- *लोगों को रोज-रोज की जाम की समस्या से मिलेगी निजात*

हरिभूमि ▶▶| नीलोखेड़ी/ तरावड़ी

मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर के अनुसार मनक माजरा गांव के पास बनने वाली प्रस्तावित नई अनाज मंडी की चारदीवारी बनाने का काम शीघ्र शुरु हो जाएगा। शिव नाथ कपूर ने आज मार्केट कमेटी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी के प्रयासों से नई अनाज मंडी की सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं तथा इसके निर्माण हेतु निविदाओं का काम भी पूरा हो चुका है ,उल्लेखनीय है नीलोखेड़ी अनाज मंडी के स्थानांतरण से विशेषकर मंडी के के आसपास के रिहायशी इलाकों को व आमजन को काफी राहत मिल सकेगी चूंकि इस मंडी का स्थान काफी कम होने के कारण किसानों को अपनी फसल सड़कों पर गिरानी पडती है जिस आम नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पडता है। शिव नाथ कपूर ने बताया कि स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी तथा हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान, व्यापारी तथा मजदूरों एवं

> शिव नाथ कपूर ने मार्केट कमेटी के कर्मचारियों से कहा है कि मंडी से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो ऐसा प्रयास हमेशा रहेगा अब अधिक सुविधाए मिलेंगी



तरावड़ी। जानकारी देते हुये मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर।

**सभी की सुविधा को उठाए जाएंगे कदम**

मार्केट कमेटी के चेयरमैन ने एक प्रश्न के जवाब में बताया कि वह किसानों,आढ़ती वर्ग, मजदूर वर्ग ता चावल मिलों के साथ समन्वय बनाकर कम करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आढती एसोसिएशन के प्रधान बलबीर शर्मा,पूर्व प्रधान नरेश चुघ, मंडल अध्यक्ष मुकेश भारती सहित मुकेश सिरसल, राज कुमार वाल्मीकि भी मुख्य रुप से उपस्थित थे। बलबीर शर्मा एवं नरेश चुघ ने शिव नाथ कपूर को मार्केट कमेटी का चेयरमैन बनाए जाने पर स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी तथा हरियाणा सरकार का आभार भी जताया।

**सुविधा**

- मंडी का स्थान कम होने के कारण किसानों को उठानी पड़ती थी परेशानी

### गोशाला में गोपाष्टमी महोत्सव की तयारी पूरी

**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला (गऊशाला रोड) में 30 अक्तूबर को होने वाले गोपाष्टमी महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह आयोजन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एस.के. गोयल व महासचिव राम कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता, गौसेवा आयोग चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, समाजसेवी सतीश गोयल, राजकुमार गोयल और पदमसेन गुप्ता उपस्थित रहेंगे।




### नशा मुक्ति को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**करनाल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय सेक्टर-13 में निकाली नशा मुक्ति रैली निकलीराजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सेक्टर-13 में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रभारी प्रमिला ने बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देना था। छात्राओं ने सेक्टर-13 की गलियों में "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे नारों के साथ रैली निकाली। शिक्षिका नवजोत कौर ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कर्ण, दलीप सिंह, हंसकवर, अनिल सैनी, भारती, रिचा, ललिता, अलका, नीलम बंसल, रचना, रेनू, पूनम, सरला, कनछेदीलाल सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## गीता मॉडर्न स्कूल में आयोजित हुई कैलीग्राफी प्रतियोगिता

हरिभूमि ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में द्वितीय एवं तृतीय कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैलिग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शहीद भगत सिंह हाउस के अध्यापकगण प्रियंका, सुखविंदर कौर और रमनजीत शिक्षिका के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल और सुलेख की महत्ता को बढ़ावा देना था। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के सुलेख, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया।



स्कूल के बच्चे प्रतियोगिता मे भाग लेते हुए।

**ये रहे परिणाम**

कक्षा द्वितीय से देविका प्रथम,आरुष द्वितीय और अनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से परी ने प्रथम स्थान लवनीत कौर द्वितीय स्थान और समृत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय ने कहा, यह प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।



## भाकियू ने धान घोटाले की सीबीआई से जांच की मांग की

हरिभूमि ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि धान घोटाले की वर्तमान में चल रही आंतरिक जांच सिर्फ लीपापोती है और इससे सच सामने नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि इस घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए, क्योंकि इसमें अधिकारियों, आढ़तियों और फर्जी किसानों की मिलीभगत है। स्थानीय सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित बैठक में रतन मान ने कहा कि दो-तीन कर्मचारियों को निलंबित करना केवल औपचारिकता है, जबकि बड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि 24 फसलों पर एमएसपी देने का दावा करने वाली सरकार आज किसानों को उचित मूल्य देने में विफल रही है। धान, बाजरा, कपास, मूंग जैसी फसलें एमएसपी से कम दाम पर बिक रही हैं। इस अवसर पर श्याम सिंह मान, सुरेंद्र सांगवान, बलबीर सिंह तेवतिया, रामेश्वर दास, भरतरी मान, शेर सिंह, जयपाल शर्मा आदि रहे।

# जेसीआई करनाल गोल्ड ने जोन सम्मेलन 2025 में मचाई धूम

- 30 पुरस्कार जीतकर करनाल का नाम किया रोशन

हरिभूमि ▶▶| करनाल

मुरथल स्थित लीला ग्रैंड रिर्ज़ॉर्ट में आयोजित जोन सम्मेलन 2025 में जेसीआई करनाल गोल्ड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 30 पुरस्कार अपने नाम किए। संस्था की इस उपलब्धि से करनाल जिला गौरवान्वित हुआ है। अध्याय के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल को सर्वश्रेष्ठ स्थानीय संगठन अध्यक्ष सम्मान, जेसीआरटीटी सिम्मी बंसल को सर्वश्रेष्ठ महिला अध्यक्ष सम्मान और जेसी मुनीश बंसल को कमल पत्र सम्मान से नवाज़ा गया। राष्ट्रीय स्तर पर भी संस्था को जेसीसैट परीक्षा में प्रथम स्थान तथा सर्वश्रेष्ठ जनसंपर्क सम्मान प्राप्त हुआ। संस्था को यह सम्मान वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों — रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, सामूहिक विवाह आयोजन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा विद्यालय विकास कार्यों के लिए प्रदान किया गया।कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष जेएफएम सीए राहुल सिंगला ने जेसी प्रमोद बंसल को सर्वश्रेष्ठ जोन अध्यक्ष सम्मान देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक जेसी राहुल गर्ग के नेतृत्व में जेसी हरीश अग्रवाल, जेसी विनोद गुप्ता, जेसी अजीत बंसल, जेसी रवि नंदन गर्ग, जेसी डॉ. राजीव पंवार, जेसी अमित मित्तल, जेसी विक्रांत शर्मा, जेसी पुलकित बंसल, जेसी शिवांकित बंसल, जेसी नितिन गर्ग, जेसी दुर्गेश गुप्ता, जेसी तरुण सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



करनाल। मुरथल स्थित लीला ग्रैंड रिजोर्ट में धूम मचाने वाली टीम।



## खेल और शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं : रामपाल सैनी

हरिभूमि ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निर्देशन में एक दिवसीय जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करनाल जोन की आठ टीमों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि "खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है।" फाइनल मैच में एस.डी. पीजी कॉलेज पानीपत ने एस.आई.ई.टी. नीलोखेड़ी को हराकर ट्रॉफी जीती। कोच की भूमिका में अश्वनी कुमार और विकास कुमार रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र चौहान ने कहा कि वॉलीबॉल जैसे खेल विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता और टीम भावना को सशक्त बनाते हैं।

### डॉ. गणेश दास महिला कालेज में किया हवन-पूजन



करनाल। डॉ. गणेश दास महिला शिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को हवन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विधिवत रूप से यज्ञ संपन्न किया और वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता रानी ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में भारतीय संस्कृति, संस्कार और अध्यात्म के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। उन्होंने छात्राओं के उत्साह व अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में छात्र अध्यापिकाओं ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन, सिद्धांतों और विचारों पर प्रकाश डाला।




### वाद-विवाद प्रतियोगिता में परिधि को मिला प्रथम स्थान

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी की छात्रा परिधि (कक्षा 8वीं) ने ईपीएफओ द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का विषय था – "सतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारी", जिसमें सात विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने परिधि को उसकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की शान बढ़ा रहे हैं।

## वैज्ञानिक तकनीक से बढ़ेगा गेहूं उत्पादन : डॉ. दलीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दलीप गोसाईं ने कहा कि समय पर बुवाई, संतुलित खाद और सही सिंचाई प्रबंधन से पूर्वांचल के किसान गेहूँ व अन्य रबी फसलों की पैदावार को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं। वे सोमवार को अम्बेडकर नगर से आए 50 किसानों के दल से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती व पशुपालन में नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन और लाभ प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. गोसाईं ने किसानों को सलाह दी कि वे फसल विविधीकरण अपनाएँ। एक खेत में गेहूँ तो दूसरे में दलहन या तिलहन फसलें लगाएँ। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और कीट-रोगों पर नियंत्रण रहता है। उन्होंने कहा कि धान कटाई के बाद का पूर्वी मैदान क्षेत्र गेहूँ, चना, मसूर, मटर, सरसों और लहसुन जैसी फसलों के लिए उपयुक्त है। डॉ. गोसाईं ने कहा कि किसान गुणवत्तापूर्ण बीज कृषि विज्ञान केंद्र, अम्बेडकर नगर या नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, फैज़ाबाद (अयोध्या) से प्राप्त कर सकते हैं।



### कई बार शिकायत देने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

# कॉपरेटिव सोसाइटी में अवैध नियुक्तियों के विरोध में प्रदर्शन, जांच की उठाई मांग

- एक ही परिवार के चार लोगों को नौकरी देने का आरोप
- सरकार के बिना पर्ची के रोजगार देने के दावे खोखले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल की कॉपरेटिव सोसाइटी में अवैध रूप से नौकरियां लगाने के आरोप लगाते हुए बुढ़नपुर खालसा गांव के युवाओं ने मंगलवार को मॉल रोड स्थित कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और पारदर्शी जांच की मांग उठाई।

प्रदर्शन में जिला परिषद सदस्य सचिन बुढ़नपुर मौजूद रहे। शिकायतकर्ता जतिन कांबोज, इशान कश्यप, प्रिंस मलिक और विनोद मलिक ने बताया कि कॉपरेटिव सोसाइटी के एआर और जीएम को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। युवाओं ने आरोप लगाया कि सोसाइटी में एक ही परिवार के चार लोगों को नौकरी दी गई है, जो नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि "हरियाणा सरकार के बिना खर्ची, बिना पर्ची के रोजगार देने के दावे इस मामले में झूठे साबित हो रहे हैं।" सचिन बुढ़नपुर ने मांग की कि इस मामले की जांच विजिलेंस या किसी वरिष्ठ आईएएस/एचसीएस अधिकारी से कराई जाए। युवाओं ने आरोप लगाया कि जिन लोगों की नियुक्ति हुई है, वे डीईओ इंद्री फतेह सिंह के रिश्तेदार हैं।

इस अवसर पर कर्मजीत, धर्मवीर, रूपिंद्र, प्रवीन मलिक, विजय मलिक, पवन और हर्ष सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



करनाल। कॉपरेटिव सोसाइटी में अवैध रूप से नौकरियां लगवाने के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शहीदों के बलिदान को याद किया

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पुलिस में ड्यूटी के दौरान कर्तव्य परायणता का फर्ज निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद सिपाही प्रेम सिंह व सिपाही रामनिवास के बलिदान का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने कहा कि जनता अपने घरों में सुकून से रहती हैं, इसके लिए अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों, जवानों ने देश की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, शांति के लिए बलिदान दिए है। ऐसे में जब उनके परिवार का भी सम्मान होता है तो वे गर्व महसूस करते हैं।

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बधावा राम कॉलोनी में खन्ना चौक के पास मोनिश पुत्र मीर हसन निवासी ज्योति कॉलोनी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी मोनिश के खिलाफ थाना तहसील कैंप में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### घर के अंदर रखा सारा सामान जल कर राख

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था निवासी मुकेश के घर मंगलवार की सुबह आग लग गई। घटना के समय मुकेश व उसकी पत्नी पूजा के लिए मंदिर गए हुए थे और दो बच्चे स्कूल। आसपडोसियों ने आग को काबू किया, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा सारा सामान जल कर राख हो चुका था। इधर, फायर ब्रिगेड ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर आग को काबू किया।

### पानीपत में किशोरी ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह में 14 वर्षीय दिव्यांशी पुत्री छोटूराम मूल निवासी लखनऊ, उत्तर प्रदेश ने कथित रूप से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इधर, हुडा सेक्टर-29 थाना ने पोस्टमार्टम के बाद दिव्यांशी का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। जबकि पिता छोटूराम ने बताया कि दिव्यांशी मानसिक रूप से बीमार चल ही थी।

## दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा

# दुनिया को सद्भावना व मानवता का संदेश देता है साहित्य : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रणदीप आर्य ने कहा कि श्रीलाल शुक्ल ने हिंदी व्यंग्य साहित्य को नई पहचान दी। उनका प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' आज भी भारतीय समाज, राजनीति और नौकरशाही पर गहरी टिप्पणी के रूप में प्रासंगिक है। श्रीलाल शुक्ल ने अपने लेखन में व्यंग्य के माध्यम से आम आदमी की पीड़ा और व्यवस्था की विसंगतियों को समाज के सामने पेश किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही साहित्य की शिक्षा दी जानी चाहिए। साहित्य इंसान को इंसान से जोड़ता है और पूरी दुनिया को मानवता व सद्भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की कामना करने और वैदिक संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के लिए तीस अक्टूबर से दो नवंबर तक दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह योग गुरु बाबा रामदेव और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी शिरकत करेंगे उन्होंने सभी वैदिक धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया कि वह बड़ी से बड़ी संख्या में पहुंचकर इस चार दिवसीय महासम्मेलन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दें। इस अवसर पर स्कूल के स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य, प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, योग शिक्षक प्रवीण आर्य, ओम दत्त आर्य आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के चेयरमैन रणदीप आर्य, मेधावी छात्र को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### योग में वंशिका ने सिल्वर जीता

**पानीपत।** हरियाणा राज्य योग संघ द्वारा फरीदाबाद में योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की वंशिका रानी ने सिल्वर मेडल जीता है और उसका भारतीय योग महासंघ के 50वें राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन हुआ है। वंशिका व योग अध्यापिका सुदेश को स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, वाइस चेयरमैन सीए कमल किशोर, प्रबंधक अरुण आर्य, प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने बधाई दी है।

### सीएम की पत्नी के जन्मदिन पर यज्ञ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी के जन्म दिवस पर महात्मा ज्योति राव संस्थान द्वारा संचालित एमजेआर निशुल्क स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हवन करके उनकी दीर्घायु की कामना भगवान से की। वहीं, संस्थान के महाप्रबंधक कंवर रविंद्र सैनी ने विद्यार्थियों को मिठाई बांटी और परमात्मा से सुमन सैनी के उत्तम स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया





डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर, विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए।

- राष्ट्रीय एकता दिवस पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत पुलिस द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले भर में जागरूकता अभियान चलाया है।

वहीं, पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा मंगलवार को अंसल स्थित पाइट संस्कृति स्कूल व सावित्री शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव नौल्था, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में, भारतीय विद्या मंदिर निकेतन स्कूल गांव मतलौडा, राजकीय स्कूल गांव खोजकीपुर व बीआरएम स्कूल गांव बापौली, डॉ एमकेके स्कूल माडल टाउन व इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रामलाल चौक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को समाज में एकता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणाम, नशे के खतरे तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। दूसरी ओर, दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर ने कहा कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। वहीं हर परिवार को नशे की लत से दूर रहना चाहिए।

## 400 मी. दौड़ महिला वर्ग में गुंजन प्रथम

- मनाना में मेरा युवा भारत द्वारा खंड स्तरीय खेलकूद आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मेरा युवा भारत पानीपत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा संग्राम ज्योति क्लब के सहयोग से समालखा ब्लॉक के मनाना गांव स्थित खेल ग्राउंड में किया गया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनाना गांव सरपंच रेखा व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के एनवाईएसी सार्थक कुमार ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि यह जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच है। इस अवसर पर लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक मोहित राठी, आजाद सिंह, मोहित कुमार, मुकेश कुमारी, दिनेश राठी आदि उपस्थित रहे। इधर, दौड़ 400 मी. पुरुष वर्ग में प्रथम अंकित, द्वितीय विक्की, तृतीय अमन, दौड़ 400 मी. महिला वर्ग में प्रथम गुंजन, द्वितीय तनु, तृतीय अंशु, लंबी कूद पुरुष वर्ग में प्रथम अजय, द्वितीय विक्की, तृतीय मनीष, लंबी कूद महिला वर्ग में प्रथम गुंजन, द्वितीय अंशु तथा तृतीय स्थान पर तनु रही। महिला कबड्डी में टीम पलक ने तथा रसाकशी पुरुष में टीम विजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



मेरा युवा भारत के खेलकूद में विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

## वॉलीबॉल खिलाड़ी प्रिंस बने बेस्ट ब्लॉकर

- पानीपत के गांव बुआना लाखु के निवासी है मलिक, गामीणों ने जश्न मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के ऐतिहासिक गांव बुआना लाखु, वॉलीबॉल खिलाड़ी प्रिंस मलिक ने एक बार फिरब बेस्ट ब्लॉकर का अवार्ड लेकर एक और उपलब्धि शामिल करके इस श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। गांव में इस उपलब्धि के बाद खुशी का माहौल है। वहीं, प्रिंस के पिता बलवान सिंह और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को ग्राम वासियों व आसपास के लोगों ने बधाइयां दी। इधर, मलिक ने बताया कि प्रिंस यह बेस्ट ब्लॉकर का अवार्ड प्रीमियम वालीबॉल लीग में बेहतरिन प्रदर्शन करने की के उपलक्ष्य में मिला है। वहीं, प्रिंस को यूपी लीग में भी बेस्ट ब्लॉकर का अवार्ड मिल चुका है। इस अवसर पर गांव के सरपंच मोहित मलिक, राजपाल, अनत्राम, बलराज, सुरेंद्र, जोगिंदर, धर्मेंद्र, कोच नरेंद्र मलिक, रंजीता कौशिक, कोच जगबीर मलिक, वेद वशिष्ठ, आकाश मलिक, दीपक मलिक, गोपाल पहलवान, भानू सेठ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





अवार्ड प्रीमियम वालीबॉल लीग में बेस्ट ब्लॉकर का अवार्ड ग्रहण करते हुए प्रिंस मलिक। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. दहिया का शुगर मील पहुंचने पर एमडी संदीप कुमार व अस्सिटेंट रजिस्ट्रार संदीप ने स्वागत किया

# पानीपत मील में 66 लाख क्विंटल गन्ना पिराई का रखा लक्ष्य

- गन्ना किसानों की हर समस्या का समाधान करेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त एवं शुगर मिल चेयरमैन डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि गन्ना किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनके हितों की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वहीं डॉ. दहिया का शुगर मील पहुंचने पर एमडी संदीप कुमार व अस्सिटेंट रजिस्ट्रार संदीप ने स्वागत किया। डॉ. दहिया, मंगलवार को पानीपत सहकारी चीनी मील लिमिटेड की वार्षिक आम सभा को संबोधित कर रहे थे। डॉ. दहिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मील ने 62.12 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई की, जिससे 5.65 लाख क्विंटल चीनी, 3.24 लाख क्विंटल शीरा और 670.03 लाख युनिट बिजली का उत्पादन किया गया। इस वर्ष 9.04 प्रतिशत रिकवरी रही, जो राज्य में एक सराहनीय प्रदर्शन है। जबकि चालू वित्त वर्ष में पानीपत मील में 66 लाख क्विंटल गन्ना पिराई का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों से 400 रुपये अगेती, 393 रू पछेती प्रजाति के गन्ने की खरीद की जाएगी।

वहीं, किसानों को कीटनाशक दवाओं पर 10 प्रतिशत अनुदान, गन्ने के ऑनलाईन टोकन सिस्टम, किसान सेवा केंद्र की स्थापना, रियायती भोजन 10 रुपए प्रति थाली की सुविधा अटल कैंटीन के माध्यम से दी जाएगी। वहीं, डॉ. दहिया ने बताया कि मील के नए परिसर में 90 केएलपीडी क्षमता का एथनॉल प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।





डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया को स्मृति चिंह भेंट करते हुए एमडी संदीप कुमार व अस्सिटेंट रजिस्ट्रार संदीप आदि। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने लूट के चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत में रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से ड्यूटी कर लौट रहे रेलवे कर्मचारी दीपक सैनी से मोबाइल फोन और बैग लूट गया था। इधर, जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि दीपक सैनी से लूट के आरोप में साहिल पुत्र सुरेश कुमार निवासी मॉडल टाउन, सैलेस पुत्र अतर सिंह व अजित पुत्र ओम सिंह निवासी फरुखाबाद, उत्तर प्रदेश, बिहार के जिला बेगुसराय निवासी राहुल पुत्र कृष्ण नंद पासवान को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ लूट के आरोप में केस दर्ज है। वहीं आरोपियों से लूटा गया सामान बरामद कर लिया गया है।

## हरियाणा वाडो कराटे चैंपियनशिप में पानीपत प्रथम





*पानीपत। हरियाणा स्टेट वाडो कराटे चैंपियनशिप में पानीपत पहले, कैथल दूसरे व फरीदाबाद के खिलाड़ी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, चैंपियनशिप में प्रदेश भर से ढाई सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं, चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि यतेंद्र सिंह सैनी टाइगर, विशिष्ट अतिथि नरेश रावल सरपंच, समाजसेवी प्रदीप सरोहा, बलविंदर सिंह अध्यक्ष, वाड़ो कराटे डू फेडरेशन इंडिया वाड़ो जुकू और चेयरमैन शिवा स्कूल, अनिल कादयान ने विजेताओं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। चैंपियनशिप के आयोजन में हिसार से हरीश सिरधाना, फरीदाबाद से रोहित ठाकुर, सोनीपत से भानवीर सिंह व विकास, जींद से सचिन, करनाल से शालू, कुरुक्षेत्र से चमन लाल, यमुनानगर से क़ुसूम देव, कैथल से मीनू कुमार, पानीपत से प्रवेश शर्मा, मुकेश सरोहा, दिव्य राणा आदि का सहयोग रहा।*



### आग में झुलसे परिवार को दो लाख की सहायता दी

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गांव काबडी में गैस सिलेंडर लिकेज में झुलसे प्रेम कश्यप व इसके तीन पुत्रों को बेहतर उपचार के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। वहीं मंत्री के भाई हरपाल ढांडा ने सिविल अस्पताल पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को घायलों को बेहतर उपचार देने का आग्रह किया। वहीं चिकित्सकों ने प्रेम व उसके तीन पुत्रों की हालत से ढांडा को अवगत करवाया। ढांडा ने प्रेम कश्यप व उसके तीनों पुत्रों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**महापर्व** पानीपत में श्रद्धापूर्वक मनाया गया छठ पर्व

# श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख, समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन मंगलवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। पानीपत शहर, समालखा व ग्रामीण अंचल के घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की। प्रमुख घाटों पर भक्तों की आस्था और उत्साह का देखने को मिला।

### महिलाओं ने सूप में फल और दीप रखकर अर्घ्य दिया

पानीपत में सबसे अधिक भीड़ गुहाना रोड स्थित एनएफएल घाट और असंध रोड स्थित रजवाह पर देखने को मिली। दोनों स्थानों पर मंगलवार के तडके चार बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। घाटों पर व्रती महिलाओं ने सूप में फल और दीप रखकर अर्घ्य दिया। परिवार के सदस्यों ने महिलाओं के साथ पूजा में भाग लेकर मंगलकामनाएं मांगी। वहीं, घाट पर पूजा कर रही पूजन और आरती ने बताया कि छठ पूजा के चौथे दिन का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा कर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करती हैं। पूजा के दौरान भक्तों ने छठ मैया की जय और सूर्य भगवान की जय के जयकारे लगाए। घाटों पर पारंपरिक लोकगीतों और भजन की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इधर, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजमा किए थे। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग प्रवेश और निकास मार्ग बनाए गए। वहीं, श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया और एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।



रेवाड़ी। स्कूल में आयोजित हवन में आहुति डालते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### टावर पर लटका मिला युवक का शव

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह की चौटाला रोड पर मंगलवार दोपहर बिजली निगम की हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़कर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब ऊपर लटके युवक को देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली निगम के अधिकारियों को फोन करके लाइन को बंद कराया। चांदनी बाग थाना प्रभारी गौरव ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 32 वर्ष की है। युवक के हाथ पर गुर्जर शब्द लिखा हुआ है। हालांकि, युवक के पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके।

## भगवान राम व सीता की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा स्थित हिमगिरी पब्लिक स्कूल में संस्कारशाला कार्यक्रम के अंतर्गत रामायण के पावन प्रसंगों पर आधारित रामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम-सीता की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद मंच पर विद्यार्थियों ने अपने शानदार अभिनय से राम जन्म से लेकर मेरे घर राम आए तक के प्रसंगों को संजीव कर दिया। विद्यालय परिसर पूरा दिन भक्ति,आनंद और सांस्कृतिक उल्लास से गूंजता रहा। विद्यार्थियों की संवाद-अभिव्यक्ति और भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को रामायण काल में पहुंचा दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजबीर राठी (रिटायर्ड डिप्टी डीईओ), मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल तथा एओ रामनिवास पांचाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



समालखा। हिमगिरी पब्लिक स्कूल में श्री राम लीला का मंचन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# 3.75 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ, पूर्व राज्यमंत्री की मेहनत ला रही रंग

## विकास के मामले में अंबाला शहर में लिखी जा रही है नई इबारत
## निगम सदस्यों के साथ लोगों ने भी असीम गोयल का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सैनी के सशक्त नेतृत्व और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के अथक प्रयासों से अंबाला शहर निरंतर विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है। शहर के हर वार्ड में जनहित से जुड़े कार्यों की रफ्तार तेज हो चुकी है। इसी कड़ी में मंगलवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगभग 3 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से अनेक विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया।

वार्ड नंबर 1, 2, 3, 8 और 12 में सड़कों, गलियों, नालियों एवं अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की शुरुआत की गई। इन सभी कार्यों का शुभारंभ पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने निगम सदस्य के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे। पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से वार्ड नंबर 1 के लगभग 1 करोड़ 5 लाख रुपये।



अंबाला। विकास योजनाओं के शुभारंभ पर एकजुट भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### वार्ड नंबर 2 के लिए 27 लाख रुपये

वार्ड नंबर 3 के लिए 1 करोड़ रुपये का फंड जारी हुआ है। वार्ड नंबर 8 के लिए 90 लाख रुपये और वार्ड नंबर 12 के लिए 60 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। इन कार्यों में सड़कों का निर्माण, नालियों का पुनर्निर्माण, गलियों की टाइलिंग और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने जैसे कार्य शामिल हैं। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास कार्यों को नई गति मिली है, वहीं अंबाला में असीम गोयल के विज़न और निरंतर प्रयासों से शहर का हर कोना विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि असीम गोयल ने हमेशा जनता की समस्याओं को हल करने को प्राथमिकता दी है। बिना भेदभाव के हर वार्ड में कार्य करवाने का संकल्प लिया है। उनकी सोच है कि अंबाला न केवल साफ-सुथरा और व्यवस्थित शहर बने बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में भी अग्रणी बनकर उभरे। निगम सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अंबाला का चेहरा बदल गया है। हर वार्ड में नई सड़कें, पार्क, लाइटें और जल निकासी जैसी सुविधाएं लोगों को बेहतर जीवन जीने का अवसर दे रही हैं। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आंनद,फकीर चंद,जसबीर सिंह,मंडल अध्यक्ष अमन सूद,गुरविंदर सिंह,भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,राजबीर सिंह,अनिल सैनी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में काबू

अंबाला। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण प्रसाद को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। दुर्गा नगर के मंयक गौड़ ने 23 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 दिसंबर 2023 से 15 मई 2024 के दौरान आरोपी लक्ष्मण प्रसाद व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

अंबाला। थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ में संलिप्त एक अन्य आरोपी चांद को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नाहरा गांव के अमनदीप सिंह ने 15 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रेलवे रोड पर स्थित उसकी दुकान से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस एक अन्य आरोपी अरूण को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ग्वालमंडी के धर्मपाल ने 19 अक्टूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर से टोंटियां, इनवर्टर, चांदी की थाली, लोटा, बर्तन व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दो आरोपियों को किया काबू

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा में आग लगाकर नुक्सान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश व कुशाल को गिरफ्तार किया है। गणेश विहार के प्रवीण कुमार ने 24 अक्टूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा में आग लगाकर नुक्सान पहुंचाने का आपराधिक कार्य किया है।

## यमकेश्वर तीर्थ में श्रद्धालुओं ने किया अर्घ्य अर्पण

# छठ महापर्व पर उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब


### सभी साधकों ने छठी मैया की पूजा-अर्चना में की हिस्सेदारी

*प्रतोश तिवारी ने बताया कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक है जो परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर मंगलवार को प्रातः यमकेश्वर तीर्थ हुसैनी में श्रद्धालुओं ने सूर्य देव और छठी मैया को अध्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

छठ पर्व पर पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने भाव प्रकट किए। पंडित रमाशंकर ने कहा कि छठ पूजा आत्म-शुद्धि और अनुशासन का प्रतीक है। सूर्योपासना के माध्यम से हम प्रकृति और जीवन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। शीला देवी ने बताया कि उन्होंने छठ पर्व पर व्रत रखा है। यह पर्व उन्हें मानसिक शांति और आत्मबल प्रदान करता है। प्रदीप पांडे ने कहा कि यमकेश्वर तीर्थ हुसैनी जैसे पवित्र स्थल पर पूजा करने से अद्भुत ऊर्जा और सकारात्मकता का अनुभव होता है। प्रतोश तिवारी ने बताया कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक है जो परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधता है। अजीत त्यागी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी संस्कृति और लोक आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमें सूर्य देव की उपासना के माध्यम से जीवन में अनुशासन, श्रद्धा और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। महिला अमिता ने कहा कि छठ मैया से यही प्रार्थना है कि सबके जीवन में सुख-शांति और स्वास्थ्य बना रहे। गीता पांडे ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि यह पर्व हमें संयम, निष्ठा और सेवा की भावना सिखाता है।





शहजादपुर। छठ महार्व पर पूजा अर्चना लोग व सेल्फी लेती महिलाएं।

सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर यमकेश्वर तीर्थ हुसैनी में सूर्य देव को अध्य अर्पित किया और छठी मैया से देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। बता दें कि गत दिवस कुरूक्षेत्र में छठ पूजा महोत्सव के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिरकत कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी गई थी। मूल रूप से पूर्वांचल में मनाया जाने वाला यह पर्व अब विभिन्न प्रदेशों की सीमाएं लांघकर देशभर में मनाया जाने लगा है।

### यमकेश्वर तीर्थ स्थल पर मनाया छठ पर्व

शहजादपुर। भारतीय योग संस्थान के साधकों ने सुबह छठ महापर्व के शुभ अवसर पर यमकेश्वर तीर्थ स्थल पहुंचकर श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।




संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान के नेतृत्व में योग साधकों ने भारतीय योग संस्थान के बैनर के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना में भाग लिया और सभी देशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। धीमान ने बताया कि छठ पूजा जिसे सूर्य षष्ठी व्रत या छठी मैया पूजा भी कहा जाता है, भारत का एक अत्यंत प्राचीन और पवित्र पर्व है। यह पर्व मुख्यतः सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैया की आराधना के लिए मनाया जाता है। छठ पूजा में लोग सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करके जीवन में प्रकाश, ऊर्जा, और स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हैं।



### पूर्व विधायक ने छठ पर्व पर की पूजा

शहजादपुर। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मंगलवार के तड़के यमकेश्वर तीर्थ हुसैनी पहुंचकर छठ महापर्व पर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने सूर्य उपासना के इस पावन पर्व को आस्था, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बताया। सैनी ने घाट पर पूजा-अर्चना कर सूर्य देव से जनकल्याण, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की जड़ों में बसा वह लोकपर्व है जो मानव और प्रकृति के अटूट संबंध का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से हम सूर्य देव के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, क्योंकि सूर्य ही ऊर्जा, प्रकाश और जीवन के आधार हैं।

## खेल प्रतिभाएं तोड़ रही दम

# खेल सुविधाओं के आभाव में वीरान हो गए स्टेडियम



- विधायक ने दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

महादेव क्रिकेट क्लब की ओर से ब्लॉक स्तरीय खेल स्टेडियम सरकपुर में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक पूजा चौधरी ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। टूर्नामेंट में 28 गांवों की टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ के बाद विधायक पूजा चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ और तंदुरस्त रखने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से जहां मानसिक और शारीरिक विकास होता है, वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें, हारने वाले को अगली बार जीतने की प्रेरणा और जीतने वाले को अपनी सफलता बरकरार रखने का संकल्प लेना चाहिए। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

### खिड़ियों के प्रशिक्षण के लिए बनाए थे स्टेडियम

कई महान खिलाड़ी गांवों से निकलकर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खेलों का हब बनाया गया था। गांव-गांव और शहर-शहर स्टेडियम बनाए गए थे ताकि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का अवसर मिले। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब प्रदेश के अधिकांश खेल स्टेडियम देखभाल के अभाव में जर्जर हालत में हैं। ऐसे में सुविधाओं की कमी के कारण खिलाड़ी इन स्टेडियमों में अभ्यास नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि पहले जहां युवा खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी और आर्मी-पुलिस भर्ती के लिए इन परिसरों में जुटे रहते थे वहीं अब ये खाली मैदान वीरान पड़े हुए हैं। इन मैदानों में लंबी-लंबी घास उग आई है, इनमें जगह- जगह बड़े- बड़े गड्ढे पड़ गए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि खेल स्टेडियमों में स्टाफ की नियुक्ति की जाए। नियमित साफ-सफाई कराई जाए और खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा बिना किसी परेशानी के खेलों में अभ्यास कर सकें और देश-प्रदेश का नाम ऊंचा करें।

# प्रवासी महिला के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण

## झूठे केसों में फंसाने की देती हैं धमकियां, पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

कस्बे के ग्रामीण एक प्रवासी महिला के खिलाफ तब लामबंद हो गए जब वह लोगों को झूठे केस में फंसाने की धमकियां देने लगी। साथ सरेआम गाली गलौज करने लगी। इस मामले को लेकर पंचायत भवन में मंगलवार को एक ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। ग्राम सभा में अपनी बात रखी। लोगों ने कहा कि पिछले काफी समय से यह प्रवासी महिला गांव में अशांति का माहौल बनाए हुए है। वह पहले भी कई लोगों पर गंभीर आरोप लगा चुकी है। बाद में उन्हीं आरोपों को वापिस लेने के एवज में पैसों की मांग करती है। तंग आकर अब ग्रामीणों ने पंचायत की अगुवाई में पुलिस को शिकायत देकर महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की बात को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि यह प्रवासी महिला गांव में झूठे आरोप लगाकर लोगों को मानसिक रूप से परेशान करती है। पहले भी कई लोगों पर संगीन आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की गई है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि गांव के लोग खुलेआम चलने से भी डरने लगे हैं। पंचायत ने बताया कि पहले भी कई बार सामाजिक स्तर पर समझौता कराने की कोशिश की गई। पंचायत भवन में एक बड़ी ग्राम सभा बुलाई गई। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से महिला के खिलाफ प्रस्ताव पास किया। पंचायत ने निर्णय लिया कि अब इस मामले में गांव सामूहिक रूप से पुलिस से संपर्क करेगा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करेगा।

- ग्रामीण बोले कई लोगों के खिलाफ दे चुकी है रेप की शिकायत, फैसले की एवज में पैसों की करती है डिमांड



मुलाना। थाने के बाहर प्रवासी महिला के खिलाफ एकजुट ग्रामीण।

### मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी

इस मामले में दोनों पक्षो की और से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षो को बुधवार को थाने बुलाया गया है।
-प्रमोद राणा, एसएचओ, थाना मुलाना

### ग्रामीण बोले, महिला भाईचारे को तोड़ने की कोशिश कर रही

पंचायत प्रमुख ने कहा कि यह महिला न केवल गांव के लोगों को झूठे मामलों में फंसा रही है बल्कि गांव के माहौल और भाईचारे को भी तोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुलाना जैसे शांत और सौहार्दपूर्ण गांव में इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को शिकायत सौंपी और कहा कि महिला के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई और व्यक्ति इस तरह की हरकत करने का साहस न करे। ग्रामीणों ने बताया कि महिला ने पहले भी गांव के ही कुछ परिवारों को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की थी। बाद में उनसे समझौते के बदले पैसे की मांग की थी।

# दुकान में चोरी से पहले चोरों ने उड़ाई दावत, फिर वारदात को दिया अंजाम

- पीड़ित अर्जुन ने बताया कि चोर छत के रास्ते दुकान में हुए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

सिंहपुरा मोहल्ले में रेलवे अंडरपास के सामने कंफेक्शनरी की दुकान में चोरी की वारदात करने का मामला सामने आया है। यह चोरी की वारदात बीती 26 अक्तूबर को हुई। पीड़ित दुकानदार अर्जुन ने बताया कि चोर छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुए थे। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे लगभग 6000 रुपये की नकदी के अलावा, एलसीडी, डीवीआर व अन्य सामान चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि चोरी करने से पहले चोरों ने दुकान में रखे चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का आनंद लिया। उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जाते समय उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की डिवाइस भी चुरा ली ताकि उनकी पहचान न हो सके। दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बराड़ा। चोरी की घटना के बारे में बताते हुए पीड़ित दुकानदार।

### गुरुपूर्व पर दिखेगा श्रद्धा व उल्लास का विशेष नजारा

अंबाला। गुरुपर्व के अवसर पर अंबाला शहर में इस बार श्रद्धा और उल्लास का विशेष नज़ारा देखने को मिलेगा। बिहार में चुनावी माहौल के बीच व्यस्त होने के बावजूद भी पूर्व मंत्री असीम गोयल ने महत्वपूर्ण निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं। शहर के प्रमुख बाजार आकर्षक और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाए जाएंगे, जिससे पूरा अंबाला रोशनी और भक्ति के माहौल से जगमगा उठेगा। खास तौर पर वे बाजार, जिनसे भव्य नगर कीर्तन निकलता है, उन्हें विशेष रूप से सुसज्जित किया जाएगा। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुपर्व का पर्व आस्था, एकता और भाईचारे का प्रतीक है इसलिए शहर में स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएंगे ताकि नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतिनिधि रितेश गोयल ने बताया कि प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग के सहयोग से सभी तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## भाजपा के जिलाध्यक्ष बोले, सरदार ने बिखेरे भारत को बनाया था एकजुट

# लौह पुरुष की जयंती पर निकाला जाएगा यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी प्रकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माध्यम से यूनिटी मार्च की शुरुआत की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ जिला संयोजक रमेश पाल नोहनी, सह संयोजक बीनू गर्ग तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मेरा भारत से मनोनीत सदस्य अर्पित अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला युवा कार्यक्रम अधिकारी अर्शदीप कौर ने जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। राणा ने इस मौके पर कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल महान व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी जयंती पूरे देश व प्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। उन्होंने यह बताया कि भाजपा सरकार महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाकर उनको सम्मान देने का काम भी कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मेरा भारत के माध्यम से विकसित भारत पद यात्राएं आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जिस तरह से बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया उसी भावना को यह पद यात्रा आगे बढ़ाएगी।




### पद यात्राएं 31 अक्तूबर से 25 नवंबर 2025 तक चलेंगी

जिला अध्यक्ष ने यह भी बताया कि 6 अक्तूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इस अभियान का डिजीटल शुभारंभ माई भारत पोर्टल पर कर चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तरीय पद यात्राएं 31 अक्तूबर से 25 नवंबर 2025 तक चलेंगी। इस मौके पर पदयात्रा के जिला संयोजक रमेश पाल नोहनी ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जगह-जगह पर मनाने का काम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की पूरी ईकाई जिसमें युवा मोर्चा, एससी मोर्चा, बीसी मोर्चा, अल्पसंख्क के साथ-साथ अन्य द्वारा तन-मन से इस यात्रा मे शामिल होकर इसका भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मेरा भारत के माध्यम से यूनिटी मार्च का पोस्टर भी लांच किया गया।